| Published Date | 09th August, 2024 | Publication | Danik Bhaskar |
|---|---|---|---|
| Edition | Kushinagar | Page No | 8 |
| Headline | Digital Sakhi aims to empower financial literacy | | |

## वित्तीय साक्षरता को सशक्त बनाना डिजिटल सखी का लक्ष्य

**कसया, कुशीनगर।** कुशीनगर जिले में महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने को लेकर एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड ने डिजिटल सखी परियोजना का शुभारंभ किया है। यह परियोजना जिले में 2028 के अंत तक काम करेगी। इसमें 100 महिलाओं को डिजिटल सखी के रूप में प्रशिक्षित कर ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाना है। कंपनी के सेक्रेटरी एंड चीफ सस्टेनेबल आफिसर अपूर्वा राठौड़ ने बताया कि डिजिटल सखी परियोजना ग्रामीण महिलाओं के बीच डिजिटल गैप भरने और वित्तीय साक्षरता के बढ़ावा के लिए तैयार किया गया है। डिजिटल सखियां 400 से अधिक गांवों की महिलाओं को शिक्षित करेंगी। यह 2028 तक पांच लाख से अधिक लोगों तक पहुंच जाएगी। 1000 ग्रामीण महिला उद्यमियों की पहचान करेंगी। उन्हें छोटे व्यवसाय से मजबूत करेंगी। डिजिटल सखी कार्यक्रम वर्तमान में कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और बिहार में सक्रिय हैं।